Baroda BNP PARIBAS MUTUAL FUND

Together for more

# हर सपने के लिए
# शुरू करते हैं
# एक छोटा सा एसआईपी*







एक निवेश शिक्षण एवं जागरूकता पहल,
बड़ौदा बीएनपी म्युचुअल फंड की ओर से.


*सिस्टमेटिक इंवेस्टमेंट प्लान

'मोर' (यानी अधिक) शब्द का अर्थ अधिक प्रतिफल या योजना के प्रदर्शन का आश्वासन नहीं है। यह बड़ौदा एएमसी और बीएनपी पारिबास एएमसी द्वारा व्यक्तिगत रूप से प्रदान किए जाने वाले मूल्य की तुलना में संयुक्त उद्यम द्वारा प्रदान किए जाने वाले अतिरिक्त मूल्य के संदर्भ में है।

## उठाइए छोटे-छोटे कदम
## एक परिपूर्ण भविष्य के लिए

हमारा भविष्य कैसा होगा, यह निर्भर करता है हमारे अतीत के निर्णयों पर. हम ज़िंदगीभर अपने सपनों का पीछा करते हैं; उनमें से कुछ पर समझौता कर लेते हैं; कुछ को छोड़ देते हैं, और बस कुछ को ही साकार कर पाते हैं. हम अभी निवेश करने के जो निर्णय लेते हैं, उनसे हमें एक सफल-सार्थक भविष्य बनाने तथा अपने सपनों को पूरा करने में मदद मिल सकती है. मज़बूत निवेश करने के बुनियादी सिद्धांत सबसे अच्छे उत्पाद चुनने में नहीं, बल्कि नियमित निवेश करने में निहित होते हैं. सिस्टमेटिक इंवेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) को एक सफल-सार्थक भविष्य बनाने के ऐसे ही माध्यम के रूप में चुना जा सकता है.

## प्रारूपिक खर्च जीवन चक्र





## निवेश शुरू करें



जल्दी शुरू करें; आपके निवेश को आपके लिए काम करने दें.



एक समयावधि में अपने निवेशों को औसत करें.



बड़ा सोचें, छोटा निवेश करें, नियमित निवेश करें.



बाज़ार की अस्थिरता से भागें नहीं; विशेषज्ञों को आपके निवेश का खयाल रखने दें.

## एसआईपी के फ़ायदे

### अनुशासित पद्धति

अपने पैसों का एक छोटा सा हिस्सा एक मासिक किस्त की तरह आवंटित करें. एसआईपी के साथ, आप किसी चुनी गई योजना में हर महीने निवेश की जाने वाली अपनी पसंदीदा राशि तय कर सकते हैं. इस तरह से आप बाज़ार के उतार और चढ़ाव के साथ लाभान्वित होने का लक्ष्य रख सकते हैं.

### जोखिम और अस्थिरता का प्रबंधन

स्टॉक मार्केट्स स्वभाव से ही अस्थिर होते हैं, इसलिए इसमें होने वाली किसी भी गतिविधि के बारे में पहले से कुछ कहना मुश्किल होता है. निवेशक एसआईपी के माध्यम से नियमित निवेश करके अपने वित्तीय लक्ष्यों पर अपना ध्यान केन्द्रित कर सकते हैं, बाज़ार की अस्थिरता को प्रबंधित करने का काम पेशेवर निवेश प्रबंधकों पर छोड़ सकते हैं.

### रुपी कॉस्ट एवरेजिंग

बाज़ार पर नज़र रखने में बड़ा समय लगता है और इसमें जोखिम भी होता है. रुपी कॉस्ट एवरेजिंग नामक पद्धति को अपनाना एक अधिक सफल रणनीति है. जब स्टॉक मार्केट गिरते हैं, तब ज़्यादा युनिटें आवंटित होने से आपको लाभ मिलता है और जब बाज़ार उठते हैं, तब निवेशों को औसत किया जाता है.

### चक्रवृद्धि की शक्ति

एसआईपी चक्रवृद्धि के बुनियादी सिद्धांत पर काम करता है. आप जितनी जल्दी निवेश करना शुरू करते हैं, आपके निवेशों को चक्रवृद्धि के माध्यम से विकसित होने के लिए उतना ही ज़्यादा समय मिलता है. इसका मतलब यह है कि आपके प्रतिफल भी आपको प्रतिफल दिलाते हैं. एसआईपी के माध्यम से दीर्घकालीन निवेश करने का लक्ष्य आपके निवेशों का मूल्य बढ़ाना होता है. इससे बाज़ार पर नज़र रखने तथा अल्पकालीन अस्थिरता संबंधी समस्याओं को औसत करने में मदद मिलती है.

अधिक जानकारी पाने तथा और ज़्यादा जानने के लिए, अपने वित्तीय सलाहकार/म्युचुअल फंड वितरक को आज ही कॉल करें.

एसआईपी किसी मुनाफे का आश्वासन या गिरते मार्केट में सुरक्षा की गारंटी नहीं देता है.फ़ंड/एएमसी किसी आमदनी की गारंटी या वादा या भविष्यवाणी नहीं कर रहा है.

बड़ौदा बीएनपी म्युचुअल फंड की ओर से एक निवेश शिक्षण एवं जागरूकता पहल,. आवश्यक दस्तावेज़ों/एक बार की जाने वाली 'नो योर कस्टमर' (केवायसी) को पूर्ण करने की प्रक्रिया, पते में परिवर्तन, बैंक अधिदेश,सेबी पोर्टल पर शिकायतें दर्ज करने आदि की विस्तृत जानकारी के लिए कृपया https://www.barodabnpparibasmf.in/investor-centre/information-on-kyc पर विज़िट करें. कृपया केवल पंजीकृत म्युचुअल फंड्स के साथ ही व्यवहार करें, जिनके विवरण सेबी की वेबसाइट (www.sebi.gov.in) पर "Intermediaries/Market Infrastructure Institutions" के अंतर्गत सत्यापित किए जा सकते हैं. टैक्स के प्रभावी होने की की व्यक्ति आधारित प्रकृति को देखते हुए, निवेशकों को सलाह दी जाती है कि वे निवेश करने से पहले अपने टैक्स सलाहकार से परामर्श करें. बड़ौदा बीएनपी म्युचुअल फंड के बारे में सभी शिकायतें service@barodabnpparibasmf.in को निर्देशित की जा सकती हैं तथा/ या www.scores.gov.in (SEBI SCORES portal) पर विज़िट करें. एसआईपी के बारे में अधिक जानकारी के लिए यहां विज़िट करें https://www.barodabnpparibasmf.in/SIP

**म्युचुअल फंड बाजार जोखिमों के अधीन हैं, योजना संबंधी सभी दस्तावेज सावधानीपूर्वक पढ़ें।**